# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में एनडीए ने सात सीटों पर दर्ज की जीत। सीसामऊ और करहल सीट पर समाजवादी पार्टी हुयी विजयी।
- उपचुनाव में मिली जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– भाजपा की जीत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में अगले चार दिनों तक शुष्क रहेगा मौसम। मौसम विभाग ने तराई वाले क्षेत्रों में सत्ताइस नवम्बर से घना कोहरा छाये रहने की भी जतायी सम्भावना।

**********

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह सीटें और एनडीए में उसकी सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक दल ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। कल हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी ने फूलपुर, कटेहरी ,मझवां, कुंदरकी, गाज़ियाबाद और खैर सीट पर विजयी हुए और मीरापुर सीट से रालोद प्रत्याशी को कामयाबी मिली है। करहल और सीसामऊ सीट समाजवादी पार्टी के खाते पाले में आई हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

***प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। गाज़ियाबाद सीट से भाजपा के संजीव शर्मा ने सपा के सिंह राज जाटव को करीब 70 हज़ार मतों से पराजित किया। वहीं अलीगढ़ की खैर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंदर दिलेर ने सपा प्रत्याशी चारु कैन को करीब 38 हज़ार वोटों से हराया। प्रयागराज की फूलपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने सपा उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी को लगभग 11हज़ार मतों से हराया। वहीं कुंदरकी सीट परभाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने सपा उम्मीदवार मोहम्म्द रिज़वान को लगभग 1 लाख 40 हज़ार वोटों से शिकस्त दी। कटहरी सीट पर भाजपा ने 1990 के बाद पहली बार जीत दर्जकी इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने सपा की शोभावती वर्मा को तकरीबन 34हज़ार वोटों से हरा दिया.। वहीं मंझवा सीट से भाजपा की सुचिस्मिता मौर्य ने सपा प्रत्याशी ज्योति बिंद को करीब 5 हज़ार वोटों से हरा दिया। करहल सीट से सपा के तेजप्रताप यादव ने भाजपा के अनुजेश पटेल को 14 हज़ार मतों से हराया। वहीं सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी की नसीम सोलंकी ने भाजपा के सुरेश अवस्थी को लगभग 8 हज़ार वोटों से हरा दिया। उधर मुज़फ्फ़रनगर की मीरापुर सीट से रालोद प्रत्याशी मिथिलेशपाल ने सपा की सुंबुल राणा को करीब 30 हज़ार वोटों से पारजित किया। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने कल लखनऊ में प्रेसवार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है।

***आज उत्तर प्रदेश की विजय, जो सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को प्राप्त हुई है, ये उत्तर प्रदेश की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी के अभियान को यह सात कमल भी उस पूरे अभियान के प्रति समर्पित है। इसमें मीरापुर, गाजियाबाद, कुंदरकी, खैर, कटहरी, मझवां और फूलपुर की जनता जनार्दन ने यह जनादेश भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिया है । हम सब उनका आभार व्यक्त करते है।***

उधर, महाराष्ट्र की 288 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी ने 132 सीटों पर विजय प्राप्त कर सबसे सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जबकि महायुति गठबंधन में उसके सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट ने 57 और एनसीपी ने 41 सीटें अपने नाम की है। दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी ने 50 सीटों पर विजय दर्ज की। झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन ने लगातार दूसरी बार विजय दर्ज करते हुए 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। जबकि भाजपा एनडीए गठबंधन को 24 सीट मिली है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव नतीजों के बाद भाजपा मुख्यालय में नई दिल्ली में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहा कि महाराष्ट्र में झूठ, छल और फरेब हारा है। विभाजनकारी और नकारात्मक राजनीति की पराजय हुई है।

श्री मोदी ने महाराष्ट्र में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए जनता का आभार जताया है। वहीं झारखण्ड की जनता को बधाई देते हुए उन्होंने और बेहतर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में भाजपा–महायुति को

मिली ऐतिहासिक विजय पर कहा कि यह जीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन पर जनता–जनार्दन का आशीर्वाद है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। मन की बात कार्यक्रम आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सजीव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के फ़ौरन बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**********

भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश भर के प्रशासनिक अधिकारियों को संविधान दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए संसदीय कार्य विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है। भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तारीख यानी 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में 26 नवम्बर की सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर कार्यक्रम शुरू होंगे। मुख्य कार्यक्रम लोक भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। वहीं स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस 75वें संविधान दिवस पर 26 और 27 नवम्बर को राष्ट्रीय कॉफ्रेंस का आयोजन करेगा। इस कॉफ्रेंस का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

**********

प्रदेश में कल पुलिस झंडा दिवस मनाया गया। प्रदेश पुलिस बल और पीएसी बल को कल ही के दिन 1952 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया संदेश में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों और उनके परिजनों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर लखनऊ में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस ध्वज लगाया। इस दौरान प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश भी मौजूद रहे।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिन छात्राओं ने वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10 उत्तीर्ण की है वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

**********

लखनऊ में 26 नवम्बर से सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के करीब 300 बैडमिटन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष एकल में भारत के लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, सिंगापुर के जिया हेंड जेसन शीर्ष वरीयता में शामिल हैं। वहीं महिला एकल में पीवी सिंधु, मालविका बंसोड जैसी टॉप खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।

**********

प्रदेश में अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इस दौरान सुबह के समय हल्का से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। सत्ताइस नवम्बर को राज्य के तराई वाले क्षेत्रों में अलग अलग स्थानों पर देर रात से लेकर सुबह तक घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी भी जारी की गई है। उधर, दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्री नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के सभी स्कूलों को 25 नवंबर तक ऑनलाइन मोड में ही चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की वजह से ग्रैप चार लागू किया गया है।

**********